पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने बिहार राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को दी बधाई

लखनऊ : 21 मार्च, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने बिहार राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि बिहार कर्म योग, ज्ञान, तप-त्याग एवं समृद्ध संस्कृति की गौरवशाली धरती रही है। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य भगवान बुद्ध, महावीर, गुरु गोविंद जी के सत्य, अहिंसा और अध्यात्म तथा आर्यभट्ट और चाणक्य के ज्ञान से संपूर्ण विश्व को आलोकित करने वाली महान ज्ञान और समृद्ध इतिहास की भूमि है।

राज्यपाल जी ने बिहार राज्य के नागरिकों के सतत समृद्धि, उज्ज्वल भविष्य तथा निरंतर प्रगति की कामना की है।

संपर्क सूत्र:

दिलशाद अहमद,

सूचना अधिकारी, राजभवन

मो0: 9696185895